



### एक नजर में




**सफाई कर्मचारियों का सहयोग करते नपाध्यक्ष राठौर**

**सीहोर.** सफाई कर्मचारियों के लिए हमेशा तत्पर रहने वाले सफाई मजदूर संघ जिला अध्यक्ष रितेश चंदेल को भोपाल में सम्मानित किया गया. श्री चंदेल ने कहा कि नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर हमेशा सफाई कर्मचारियों का सहयोग करते हैं. नपा में अब सफाई कर्मचारियों की पदोन्नति भी हो रही है. वेतन भी समय पर मिल रहा है और काम भी निश्चित कर दिए गए हैं. कार्यक्रम में भारतीय सफाई मजदूर संघ प्रदेश अध्यक्ष हीरा रानवे, प्रदेश उपाध्यक्ष बृजेश टांक, सोनू डागर श्रवण कुमार वीरेंद्र धौलपुर अनूप चौधरी आदि ने श्री चंदेल को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया.



**मीणा समाज की बैठक में जारवाल बने ब्लॉक अध्यक्ष**

**भैरुंदा.** गत दिवस मीणा समाज की बैठक आयोजित की गई. जिसमें रूप सिंह जारवाल ग्राम को ब्लॉक का अध्यक्ष नियुक्त किया गया. बैठक में मीनेश जयंती मनाने का निर्णय लिया गया. साथ ही, छात्रावास को ट्रस्ट के रूप में पंजीकृत करने एवं सभी सदस्यों की उपस्थिति में छात्रावास में दुकानों के निर्माण का प्रस्ताव पारित किया गया. बैठक में युवा जिला अध्यक्ष राजकुमार पटेल, हरिसिंह वर्मा, गोविंद पटेल, रामसिंह पटेल, रामचंदर डोवाल, रामसिंह दरबार, श्यामलाल, रामेश्वर बालोत, भगवत, रामचंद्र, रामसिंह बड़गोती, शिवनारायण सिहरा, रामसिंह बालोद, मनोहर पटेल, देवीसिंह पटेल, अमित याला, अर्जुन मीणा, ओमप्रकाश बेपलावत, गोविंद पटेल, राजेश मीणा, देवी सिंह मीणा, कल्याण मीणा, बंटी पटेल, दीपक मीणा, राजेश पटेल, गोपाल सिरा, राजाराम मीणा आदि उपस्थित थे.




**दानवीरों की मदद से संपन्न हुआ निर्धन कन्या का विवाह**

**सीहोर.** दानवीरों ने निर्धन कन्या का विवाह संपन्न कराया. काशी विश्वनाथ मंदिर हनुमान फाटक कस्बा में कार्यक्रम हुआ. कथा वाचक पं. रविशंकर तिवारी की प्रेरणा से दानवीरों ने 1 घंटे में ही कन्या को उपहार में देने के लिए गृहस्थी का पूरा सामान जुटा लिया. राधे परिवार सेवा समिति द्वारा पांचवीं बार निर्धन कन्या का विवाह कराया गया. पं. तिवारी के सानिध्य में भगवान भोलेनाथ और माता पार्वती के रूप में कस्बा निवासी जमुना प्रसाद कुशवाहा की पुत्री स्वाति और ग्राम चोटीपुरा तहसील बेरसिया जिला भोपाल निवासी कांता प्रसाद कुशवाहा के पुत्र सुनील का विवाह संपन्न कराया गया.



**अधिकारियों ने किया ट्रैक्टर नगर का निरीक्षण**

**बुधनी.** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद आईसीएआर के सहायक महानिदेशक फार्म इंजीनियरिंग एवं नास फेलो डॉ. कृष्ण प्रताप सिंह ने आज केन्द्रीय कृषि मशीनरी प्रशिक्षण एवं परीक्षण संस्थान ट्रैक्टर नगर का निरीक्षण किया. इस अवसर पर संस्थान के निदेशक डॉ. बीएम नांदेडे ने सीएफएमटीटीआई की गतिविधियों, उपलब्धियों एवं भावी योजनाओं पर विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया. उन्होंने कृषि यंत्रीकरण के क्षेत्र में संस्थान को उत्कृष्टता केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए प्रस्तावित पुनर्गठन एवं आधुनिकीकरण योजना की जानकारी भी साझा की. इस अवसर पर संस्थान के अधिकारी, वैज्ञानिक, प्रशिक्षक एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे.

# ढोल की थाप पर वसूली करने निकली नपा

## आर्थिक तंगी से जूझ रही नगरपालिका ने एक बार फिर कर वसूली के लिए चलाया सघन अभियान



**सीहोर.** बकायादार उपभोक्ताओं से वसूली करने के लिए नपा का राजस्व अमला शहर की सड़कों पर ढोल बजवाते हुए निकला.

**सीहोर 16 फरवरी. आर्थिक संकट के दौर से गुजर रही सीहोर नगरपालिका ने बकाया कर वसूली के लिए पारंपरिक ढोल का सहारा ले लिया है. लगभग 26 करोड़ रुपए के सम्पत्तिकर, जल कर और दुकानों के किराए की राशि बकाया होने के चलते नपा ने सख्त रुख अपनाते हुए सोमवार से बकायादारों के घरों के बाहर ढोल बजाकर कर वसूली का अभियान छेड़ दिया है. पहले दिन आधा दर्जन बकायादारों के दरवाजों पर ढोल बजवाए.** बताया जाता है कि इन दिनों नपा आर्थिक संकट के दौर से गुजर रही है. ऐसे में नपा के सभी आवश्यक कार्यों पर विपरित असर पड़ रहा है, वहीं विकास कार्यों पर भी इसका प्रभाव देखने को मिल रहा है. नतीजतन अपनी आर्थिक स्थिति को सुधारने के लिए एक बार फिर नपा ने उन बकायादारों पर नकेल कसने का अभियान छेड़ दिया है जिनसे नपा को कई सालों का लाखों रुपए का कर लेना बकाया है.

- **नपा को उपभोक्ताओं से लेना है लगभग 26 करोड़ रुपये**
- **सोमवार को आधा दर्जन लोगों के घर दी नपा ने दस्तक**

नपा सूत्रों के अनुसार शहर में करीब 26 करोड़ रुपये की राशि अलग-अलग मदों में लंबित है. इतनी बड़ी रकम अटकी रहने से विकास कार्यों पर सीधा असर पड़ रहा है. सड़क, सफाई, पानी और प्रकाश व्यवस्था जैसे कामों के लिए राजस्व की जरूरत होती है, लेकिन बकाया नहीं मिलने से योजनाएं प्रभावित हो रही हैं.

**आगामी दिनों में शुरू होगी कुर्की**

उपभोक्ताओं द्वारा यदि बकाया कर राशि शीघ्र जमा नहीं की गई तो कुर्की, सीलिंग व नाम सार्वजनिक करने जैसी कार्रवाइयां भी की जा सकती हैं. नपा का यह कदम अन्य बकायादार उपभोक्ताओं के लिए भी चेतावनी है कि वे समय रहते अपना कर जमा कर दें.

**संजय शुक्ला**
राजस्व प्रभारी, नपा

**कौतूहल का केन्द्र बनी नपा की यह अनोखी मुहिम**

सोमवार को नपा का राजस्व अमला ढोल बजवाते हुए शहर की सड़कों पर निकला तो हर किसी की कौतूहल भरी निगाह उन पर जा टिकी. आगे- आगे ढोल बजाते युवकों के पीछे राजस्व निरीक्षकों के अलावा कर्मचारी चल रहे थे. यह दल मछली बाजार स्थित बकायादारों के प्रतिष्ठानों पर पहुंचा. इस दौरान उन्हें नोटिस थमाते हुए बकाया कर अदा करने को कहा गया. ढोल बाजे के साथ आए नपा के अमले को देखते हुए बकायादारों ने दस दिन की मोहलत मांगी और अपनी जान छुड़ाई. इसी तरह वार्ड क्रमांक 24 में भी सालों से बकाया कर अदा करने में हीला-हवाली कर रहे तीन उपभोक्ताओं के दरवाजों पर जब ढोल बजे तो उन्होंने भी हर हाल में दस दिन के अंतराल में अपना कर जमा करने वादा किया.

**कई सालों से बकाया चली आ रही है करोड़ों की राशि**

नगरपालिका को अपने बकायादार उपभोक्ताओं से कई सालों की बकाया कर राशि वसूलना है, लेकिन नपा के राजस्व विभाग द्वारा बरती जा रही ढिलाई के चलते पर्याप्त वसूली नहीं हो पा रही है. नतीजतन साल दर साल कर की बकाया राशि बढ़ती जा रही है. राजस्व विभाग के संजय शुक्ला की मानें तो नपा को संपत्ति कर के रूप में लगभग 20 करोड़ रुपए, जलकर के पांच करोड़ से अधिक व अपनी मिल्कियत की लगभग 450 दुकानों से 40 लाख रुपए का कर वसूलना है, लेकिन कई बार नोटिस थमाए जाने के बाद भी बकायादार कर अदा करने में गंभीरता नहीं बरत रहे हैं. ऐसे में नपा ने आज उनके दरवाजे पर ढोल बजवाए हैं.

**पूर्व में भी चला चुकी है नपा ढोलपीटो अभियान**

नगरपालिका की इस कार्रवाई को लेकर शहर में अलग-अलग प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं. कुछ नागरिक इसे आवश्यक और प्रभावी कदम बता रहे हैं, तो कुछ लोग इसे सार्वजनिक अपमान का तरीका मान रहे हैं. हालांकि राजस्व निरीक्षक संजय शुक्ता का कहना है कि कानून के दायरे में रहकर ही कार्रवाई की जा रही है. जिन उपभोक्ताओं के यहां ढोल बजवाए गए, उन्हें पहले कई बार नोटिस जारी किए जा चुके थे. इसके बावजूद भुगतान नहीं होने पर यह कार्रवाई की गई. अब देखना है कि यह कदम कितना कारगर साबित होता है, क्योंकि दो साल पहले भी नपा ने ऐसे ही ढोल बजाकर वसूली करने का अभियान चलाया था जो एक दो बार के बाद ही बंद हो गया था.

## घोटाले की जांच करने टीम पहुंची अस्पताल

**आष्टा.** सरकारी दीमकों ने आयुष्मान योजना में ही 46 लाख रुपए से अधिक का बड़ा घोटाला कर डाला है और यह घोटाला सिविल अस्पताल में पदस्थ कर्मचारियों और डॉक्टरों ने ही अंजाम दिया है. सीहोर से लेकर भोपाल तक हड़कप मचने के बाद आयुष्मान भारत नीरामयम विभाग भोपाल के महाप्रबंधक के निर्देश पर जांच टीम द्वारा पड़ताल की जा रही है. गौरतलब है कि वर्ष 17-18 से वर्ष 2023 तक आयुष्मान योजना के अंतर्गत सिविल अस्पताल के ड्यूटी डॉक्टर और स्टाफ नर्सों को मिलने वाली प्रोत्साहन राशि इनसेंटिव को अस्पताल में पदस्थ फार्मासिस्ट स्टोर इंचार्ज प्रमोद परमार ने आयुष्मान मित्र जगदीश मेवाड़ा और तत्कालीन लेखापाल एमएल वर्मा ने उक्त प्रोत्साहन राशि को अपनी पत्नी सहित अपने करीबी रिश्तेदारों के बैंक खातों में ट्रांसफर कर दी थी. जांच के आदेश मिलते ही सीहोर के स्वास्थ्य विभाग ने 6 सदस्यीय जिला स्तरीय जांच का गठन किया और यह जांच टीम सिविल सर्जन डॉ. उमेश श्रीवास्तव के नेतृत्व में प्रथम चरण में जांच करने सिविल अस्पताल पहुंची और घंटों तक आयुष्मान योजना पोर्टल को खंगाला और जरूरी दस्तावेज को भी अपने साथ ले गई. लिहाजा अब तक आरोपियों के बयान दर्ज नहीं हुए हैं. लेकिन जिले के स्वास्थ्य विभाग पर कई गंभीर सवाल खड़े होते हैं कि 46 लाख रुपए से अधिक का घोटाला सामने आने के बाद भी अब तक पुलिस में एफआईआर दर्ज करना तो दूर की बात आरोपियों को निलंबित तक नहीं किया गया है.

## मस्ताल ने दिग्गी राजा से साझा किए अनुभव

**नवभारत न्यूज**

**बुधनी 16 फरवरी.** सोमवार को विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस नेता विक्रम मस्ताल शर्मा ने पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह से भेंट कर मां नर्मदा की परिक्रमा उपरांत अपने यात्रा अनुभव साझा किए. यह भेंट नर्मदा परिक्रमा पूर्ण होने के बाद उनके गृह निवास पर हुई.

इस अवसर पर श्री शर्मा ने बताया कि 96 दिनों की पैदल नर्मदा परिक्रमा के दौरान उन्हें अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ा. यात्रा के दौरान कई बार पैरों में छाले पड़े, शरीर अत्यधिक थक गया, लेकिन मां नर्मदा का नाम लेकर वे निरंतर आगे बढ़ते रहे. इस यात्रा के माध्यम से उन्हें आध्यात्मिक शक्ति का वास्तविक अर्थ समझ में



आया. भेंट के दौरान सामाजिक, राजनीतिक और जनहित से जुड़े विभिन्न विषयों पर भी चर्चा हुई. उन्होंने कहा कि अभिनय और राजनीति के बाद अब उनका रुझान अध्यात्म की ओर बढ़ा है और नर्मदा परिक्रमा ने उनके जीवन को नई दिशा दी है.

## मंडी क्षेत्र में 15 करोड़ की लागत से होगा सीवेज कार्य

- **नपाध्यक्ष राठौर की उपस्थिति में हुआ निर्माण का भूमिपूजन**
- **शहरहित में सभी वार्डों में होंगे विकास व निर्माण कार्य**

**नवभारत न्यूज**

**सीहोर 16 फरवरी.** शहर के मंडी क्षेत्र में करीब 15 करोड़ रुपए की लागत से होने वाले सीवेज कार्य का नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर द्वारा भूमि पूजन किया गया.

सोमवार को नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने मंडी में सीवेज कार्य का भूमि पूजन क्षेत्रवासियों से कराते हुए कहा कि कार्य गुणवत्ता के साथ किया जाना चाहिए. इसके अलावा जहां पर काम पूरा हो चुका है उस मिट्टी को तुरंत हटाया जाए. इस दौरान पार्षद विशाल राठौर, दिलीप राठौर, मुकेश मेवाड़ा, सपना मालवीय, नपा उपाध्यक्ष विपिन शास्ता, राजेश मांझी, कमलेश राठौर, लोकेन्द्र वर्मा, राहुल राय आदि मौजूद थे.

गौरतलब है कि शहर के बढ़ियाखेड़ी में सीवेज कार्य का भूमि पूजन किया गया था, इसके तत्काल बाद से तेजी से कार्य शुरू कर दिया है. निर्माण एजेंसी के द्वारा क्षेत्र में 28 किमी की सीवेज लाइन डाली जानी है. नए साल की शुरूआत में शहर के एक बड़े हिस्से में सीवेज का कार्य किया जाएगा. इसमें करीब 26 करोड़ रुपए की लागत से कार्य पूर्ण होगा. वार्ड 1, 2 और तीन में कार्य का भूमि पूजन किया गया है. बारिश से पहले सीवेज और जहां पर सीवेज का कार्य पूर्ण होने के बाद



करोड़ों रुपए की सड़कों का निर्माण किया जाएगा. आगामी दिनों में इन क्षेत्रों का विकास कार्य पूर्ण किया जाएगा. साथ ही सीवेज का कार्य मंडी में भी तेजी से किया जाएगा. नपाध्यक्ष श्री राठौर ने संबंधित निर्माण एजेंसी को जरूरी निर्देश दिए है कि जहां पर काम पूरा हो चुका है उस मिट्टी को तुरंत हटाया जाए. साथ ही समतली कार्य पर भी ध्यान दिया जाए. कंपनी के कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा किजिन क्षेत्रों में खुदाई कार्य व पाइप लाइन बिछाने का काम पूरा हो जाएगा, उन मार्गों, गलियों में तुरंत मिट्टी से समतल कर उसे यातायात के लिए सुचारु बनाया जाए.

# बिना अनुबंध मध्यान्ह भोजन बनाने वाले समूह से होगी वसूली

- **अनुबंध निरस्त होने के बाद भी भोजन बनाना रखा था जारी**
- **34 हजार 271 रुपए की वसूली करने के दिए आदेश**

**नवभारत न्यूज**

**सीहोर 16 फरवरी.** हीरापुर की प्राथमिक शाला में अनुबंध निरस्त होने के बाद भी समूह द्वारा मध्यान्ह भोजन बनाने के मामले में जनपद सीईओ की फाइनल रिपोर्ट के आधार पर जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव ने वसूली के आदेश जारी कर दिए हैं.

इस आदेश के अनुसार शासकीय माध्यमिक शाला हीरापुर के तात्कालीन प्रधानाध्यापक सईद खां किरण स्व सहायता समूह हीरापुर के अध्यक्ष-सचिव को यह राशि आधी-आधी वापस करना होगी।

जिले के बरखेड़ा हसन संकुल केंद्र की प्राथमिक शाला हीरापुर में शिक्षक और समूह की साठगांठ के चलते बिना अनुमति करीब डेढ़ साल तक मध्यान्ह भोजन बनाकर बच्चों को दिया था. खास बात यह थी कि मध्यान्ह भोजन संबंधी शिकायतों को लेकर किरण स्व सहायता समूह का अनुबंधन निरस्त कर दिया गया था और शाला प्रबंध समिति से मध्यान्ह भोजन बनाने के निर्देश दिए गए थे. इसके बाद भी उस समय संस्था प्रभारी रहे शिक्षक सईद खां ने समूह से ही मध्यान्ह भोजन बनवाया और बच्चों को बंटवाया. गई बार इसकी शिकायतें भी हुई, लेकिन शिकायत के बाद भी संबंधित प्रभारी शिक्षक ने कोई जवाब नहीं दिया. ऐसे में लगातार समूह द्वारा मध्यान्ह भोजन बनाया गया. इस दौरान करीब 1 लाख 7 हजार 256 रुपए का भुगतान एवं खाद्यान्न का लाभ मध्यान्ह भोजन को पहुंचाया गया. यही नहीं स्कूल के साथ-साथ आंगनवाड़ी में भी किरण स्व सहायता समूह मध्यान्ह भोजन देता रहा. ऐसे में अब जनपद सीईओ के प्रतिवेदन के आधार पर जिला पंचायत सीईओ ने प्रभारी प्रधानाध्यापक सईद खां और किरण स्व सहायता समूह से 34 हजार 271 रुपए वसूली के आदेश जारी किए हैं.

**शिक्षक ने दिया था झूठा प्रतिवेदन**

महिला एवं बाल विकास परियोजना दोराहा के परियोजना अधिकारी ने 23 जनवरी 24 को आदेश जारी करते हुए किरण स्व सहायता समूहक को प्राथमिक शाला और आंगनवाड़ी से भोजन बनाने के कार्य से मुक्त कर दिया गया था, लेकिन समूह के पदाधिकारियों ने स्कूल प्रभारी सईद खां से मिलकर गलत जानकारी वरिष्ठ कार्यालय भेजते हुए समूह से भोजन बनवाने का काम जारी रखा. दोबारा शिकायत के बाद शिक्षक सईद खां ने हस्तलिखित स्वयं की मोहर व हस्ताक्षर से झूठा पालन प्रतिवेदन दिया था कि मध्यान्ह भोजन एसएमसी द्वारा बनाया जा रहा है। तब से ही यह यह समूह स्कूल और आंगनवाड़ी में भोजन सप्लाय करता आ रहा था.

## रोजगार मेले में 1366 पदों पर होगी भर्ती

**सीहोर.** युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने 19 फरवरी को महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था में युवा संगम रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेला का आयोजन किया जाएगा. मेले में रोजगार विभाग द्वारा स्थानीय, प्रदेश एवं अन्य राज्यों की कंपनियों द्वारा युवाओं को रोजगार प्रदान किया जाएगा. रोजगार मेले में 19 कंपनियों द्वारा 1366 पदों पर युवाओं की भर्ती की जाएगी. आईटीआई विभाग द्वारा अप्रेंटिसशिप के लिए युवाओं को चयनित किया जाएगा.

**टीएल बैठक** — **कलेक्टर बालागुरू के ने दिए लापरवाह अधिकारियों का वेतन काटने के निर्देश**

# बैठक में देर से पहुंचे अधिकारियों को लगी फटकार

**नवभारत न्यूज**

**सीहोर 16 फरवरी.** कलेक्टर बालागुरू के ने टीएल बैठक में विलंब से पहुंचने पर रेशम, मत्स्य, परिवहन, खाद्य सुरक्षा तथा विद्युत वितरण विभाग के अधिकारियों को फटकार लगाते हुए एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए. इसी तरह सीएमओ भैरूंदा और सीएमओ इछावर को अनुपस्थित रहने पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं.

उन्होंने भू-अर्जन प्रकरणों की स्थिति की समीक्षा करते हुए नेशनल हाईवे, रेलवे सहित सभी परियोजनाओं संबंधित लंबित मामलों के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए गए. वन विभाग से संबंधित बिंदुओं में वन ग्राम से राजस्व ग्रामों में संपरिवर्तन, वन प्रबंधन, से जुड़े प्रकरणों पर चर्चा की गई और प्रगति में तेजी लाने, सीएम हेल्पलाइन एवं लोक सेवा गारंटी, लंबित टीएल प्रकरण, आयोगों के लंबित प्रतिवेदन, सीएम मॉनिटर एवं सीएम हाउस से संबंधित मामलों की समीक्षा करते हुए कहा कि जन शिकायतों का समय-सीमा में निराकरण सर्वोच्च प्राथमिकता है.

बैठक में कलेक्टर कमिश्नर कॉन्फ्रेंस के प्रमुख बिंदुओं पर भी चर्चा करते हुए संबंधित विभागों को समयबद्ध कार्ययोजना बनाकर अमल सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए. सभी अधिकारियों से आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए शासन की




प्राथमिकताओं के अनुरूप लक्ष्यों की पूर्ति सुनिश्चित करने को कहा. इसके अलावा जनसुनवाई एवं जनप्रतिनिधियों से प्राप्त पत्रों, लंबित जवाब-दावे एवं अवमानना प्रकरण, लंबित भूमि आवंटन संबंधी प्रकरणों की समीक्षा करते हुए काम में तेजी लाने के निर्देश दिए.

कलेक्टर ने जिले के ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में विशेष कैंप आयोजित कर अधिक से अधिक श्रमिकों का प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना में पंजीयन सुनिश्चित करने के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं.


**कार्यालय नगर पालिका परिषद सीहोर जिला सीहोर ( म. प्र. )**

**ई-निविदा सूचना**
**मध्य प्रदेश शासन**
**प्रथम आमंत्रण**

एन.आई.टी. / 802 / जल प्रदाय. शा./ ई टेंडर 2026 — सीहोर दिनांक 16.02.

निम्नलिखित निर्माण हेतु ठेकेदार और ख्याति फर्म्स से जो निविदा मानदंडों को पूरा करती हो ऑनलाईन बोली आमंत्रित हैं।

| क्र. | क्र.सं./पैकेज | आपूर्तियां | संभावित राशि | अमानत राशि | निविदा शुल्क | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2026_UAD_482507_1 | Construction of Valve Chamber, Different place Under Municipal Council Sehore | 2365988/- | 23659/- | 5000/- | 6 माह |
| 2. | 2026_UAD_482688_1 | Procurement of bleaching Powder for water supply | 950000/- | 9500/- | 2000/- | 6 माह |

1- इच्छुक बोलीदाता वेबसाईट http://mptenders:gov.in पर NIT देख सकते हैं।
2- बोली दस्तावेज सार्वजनिक अवकाश को छोड़कर दिनांक 11.00 (time) 16.02.2026 to17:30 (time) 21.03.2026 तक ऑनलाईन क्रय किये जा सकते हैं।
3- 2026_UAD_482688_1 बोली दस्तावेज सार्वजनिक अवकाश को छोड़कर 11.00 (time) 16.02.2026 to17:30 (time) 04.03.2026 तक ऑनलाईन क्रय किए जा सकते है।
4- NIT में संशोधन, यदि कोई होता है, तो केवल, वेबसाईट पर प्रकाशित किया जाएगा और समाचार पत्र में नहीं।

**विकास प्रिंस राठौर**
**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद सीहोर**

**सुधीर कुमार**
**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद सीहोर**